भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1092**

(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 02 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

## नर्मदापुरम जिले में प्रतिभूति पेपर मिल

**1092. श्री दर्शन सिंह चौधरी:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
क) क्या सरकार के पास नर्मदापुरम जिले में स्थित प्रतिभूति पेपर मिल के विकास और एक नई पेपर मशीन की स्थापना संबंधी कोई योजना है; और
ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): प्रतिभूति कागज कारखाना (एसपीएम), नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश, भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) की एक इकाई है जो करेंसी नोटों और अन्य प्रतिभूति उत्पादों के लिए कागज के विनिर्माण/उत्पादन में लगी हुई है। एसपीएमसीआईएल भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। एसपीएम, नर्मदापुरम के अलावा, बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीएनपीएमआईपीएल), मैसूर भी बैंक नोटों के लिए कागज के विनिर्माण में लगी हुई है। बीएनपीएमआईपीएल, एसपीएमसीआईएल और भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक सहायक कंपनी के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

एसपीएम, नर्मदापुरम में एक नई पेपर मशीन लगाने के लिए कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मौजूदा मिल की क्षमता वृद्धि पर कोई भी निर्णय विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे कि परियोजना की संभाव्यता और व्यवहार्यता, मौजूदा संयंत्र और मशीनरी की स्थिति, करेंसी नोटों की भविष्य की आवश्यकता, डिजिटल लेन-देन की प्रवृत्ति, अन्य मिल के विस्तार के लिए उपयुक्तता आदि। सरकार, आरबीआई और अन्य हितधारकों के परामर्श से मामले में समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए इन कारकों को ध्यान में रखती है।

*****